मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर-दिसम्बर, 1994 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 7 दिसम्बर, 1994 (अग्रहायण 16, 1916)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री ईश्वरदास रोहाणी, सदस्य, जबलपुर की गोरखपुर बस्ती में आतंकवादियों द्वारा एक पुलिस कर्मी सहित दो व्यक्तियों की हत्या की घटना की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रमाशंकर भारद्वाज, सदस्य, मार्केटिंग फेडरेशन द्वारा कृषकों से खाद के मूल्य की अधिक वसूली किये जाने की ओर उप मुख्यमंत्री (सहकारिता) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री बी.आर. यादव, वन मंत्री, मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1994 (क्रमांक 38 सन् 1994) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) डॉ. प्रेमसाय सिंह, राज्य मंत्री विधि एवं संसदीय कार्य, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश माध्यस्थम् अधिकरण (संशोधन) विधेयक, 1994 (क्रमांक 36 सन् 1994) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(3) श्री प्यारेलाल कंवर, उप मुख्यमंत्री (राजस्व), प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 1994 (क्रमांक 37 सन् 1994) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

4. प्रतिवेदनों पर चर्चा

निर्धारित समय	
2 घन्टे	(1) लोक आयुक्त संगठन का आठवां, नवां तथा दसवां वार्षिक प्रतिवेदन क्रमशः (दिनांक 1.4.89 से 31.3.90 तक), (दिनांक 1.4.90 से 31.3.91 तक) ; तथा (दिनांक 1.4.91 से 31.3.92 तक) पर चर्चा.
1 घन्टा	(2) मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के 35वें वार्षिक प्रतिवेदन (दिनांक 1.4.91 से 31.3.92 तक) पर चर्चा.

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 6 दिसम्बर, 1994